अमर उजाला 04/02/2026

रोजगार मेले में चार छात्रों का चयन

प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान मौजूद छात्र व कंपनी प्रबंधन। प्रवक्ता

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, के सीआरसी एवं करियर गाइडेंस सेल की ओर से बीसीए एवं एमसीए विद्यार्थियों के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को बीटा बाइट टेक्नालॉजी में जूनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद के लिए विद्यार्थियों का चयन किया गया। इस प्रक्रिया में बीसीए एवं एमसीए के कुल 23 विद्यार्थियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया के बाद एमसीए चौथे सेमेस्टर की गुरप्रीत कौर, बीसीए (एआई) छठे सेमेस्टर के बलजिंदर सैनी, बीसीए छठे सेमेस्टर की हर्षिता और बीसीए छठे सेमेस्टर के भास्कर हरित का चयन किया गया। इसके अतिरिक्त 9 विद्यार्थियों को कंपनी द्वारा इंटर्नशिप के अवसर भी प्रदान किए गए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। संवाद